राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706106 (O);

पत्रांकः CCE/ P&C/ ISDC/ 2019/ 1162

Date: 28th August 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ दिनांक 30 अगस्त 2019 को अपरान्ह 3.00 बजे से 4.00 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा संवाद के संबंध में।

राज्य सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में सरकार द्वारा निर्देशित विभिन्न योजनाओं के कियान्वयन एंव प्रगति के संबंध में संवाद करने के लिये निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 30 अगस्त 2019 को अपरान्ह 3.0 बजे से 4.0 बजे तक निम्नानुसार निकटवर्ती वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग केन्द्र (अटल सेवा केन्द्र पर DOITC द्वारा स्थापित वीडियो कॉन्फ्रेन्स कक्ष) पर पहुंचना सुनिश्चित करें। इस बैठक में प्रत्येक महाविद्यालय से प्राचार्य तथा उनके साथ एक प्रभारी अधिकारी (अधिकतम 02 व्यक्तियों) को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया जाता है। इस संबंध में लेख है कि –

1. वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग का दिनांक 30 अगस्त 2019 एवं समय अपरान्ह 3.0 बजे से 4.0 बजे तक है, अतः सभी आमंत्रित समय से न्मिनलिखित अनुसार मीटिंग स्थल पर पहुचना सुनिश्चित करें।
2. जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य जिला कलैक्टर/जिला परिषद परिसर में स्थित DOITC वाले वीडियो कॉन्फ्रेन्स केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।
3. ब्लॉक स्तर पर स्थित राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य पंचायत समिति मुख्यालय में स्थापित DOITC वाले वीडियो कॉन्फ्रेन्स केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।
4. अधिशेष महाविद्यालयों के प्राचार्य निकटतम पंचायत समिति मुख्यालय में स्थापित DOITC वाले वीडियो कॉन्फ्रेन्स केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

इस बैठक में निम्न बिन्दुओ पर चर्चा की जानी हैं –

I. सितम्बर माह का टॉपिकवाइज टाइम टेबल जारी करवाने बाबत।

II. अगस्त माह की मासिक परीक्षा के आयोजन के संबंध में।

III. महाविद्यालयों में प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम के संचालन की प्रगति।

IV. राजकीय महाविद्यालयों के सतत मूल्यांकन एंव गुणवत्ता सुधार हेतु बजट घोषणा में निर्देशित Annual Auditing Programme (College Assessment Programme) का शुभारम्भ।

V. RACE कार्यक्रमान्तर्गत सभी जिलों में DRAC का गठन एवं कार्य अपेक्षाएं।

VI. प्रभारी अधिकारियों के माध्यम से महाविद्यालयों के साथ संमन्वय एवं सहायता व्यवस्था को सशक्त बनाने बाबत।

VII. रोजगारपरक क्षमता विकास हेतु उद्यमिता एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करवाना।

VIII. महाविद्यालयों में क्रीडा एंव खेलकूद गतिविधियों के सफल संचालन के संबंध में।

IX. मेरा हरा भरा राजस्थान कार्यकमान्तर्गत वृक्षारोपण की प्रगति।

X. महाविद्यालयों में 15 अगस्त 2019 से विद्यार्थियों को इंग्लिश ग्रामर की पुस्तक का निःशुल्क वितरण।

XI. छात्रसंघ चुनाव समापन एवं आगामी गतिविधियां।

XII. विमर्श योग्य अन्य तात्कालिक बिन्दू।

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
विशिष्ठ शासन सचिव, उच्च शिक्षा, एवं
आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान

पत्रांकः CCE/P&C/ISDC//2019/..1163...... Date: 28th August 2019

सूचनार्थ प्रतिलिपी:

1. निजी सहायक अतिरिक्त आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. तकनीकी निदेशक, सूचना, प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इस वीडियो कान्फ्रेन्गि हेतु संबंधितों को आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देशित करें।
3. संयुक्त निदेशक, HRD/Acad./Admn/RUSA/P&C/RVRES, आकाशि, जयपुर इस बैठक में शिक्षा संकुल स्थित ब्लॉक 6 के वीडियो कान्फ्रेन्गि हॉल में उपस्थित रहेंगे।
4. क्षेत्रीय सहायक निदेशक, जयपुर/अजमेर/कोटा/भरतपुर/जोधपुर/बीकानेर/उदयपुर इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।
5. प्रभारी नवाचार एंव कौशल विकास, आकाशि को बैठक समन्वय करने हेतु।
6. वैब प्रभारी को अपलोड करने हेतु/ रक्षित पत्रावली।

आयुक्त, कालेज शिक्षा